पीएम इंटर्नशिप को लेकर उत्साह

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम को लेकर देश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, इंटर्नशिप करने के लिए पिछले 13 दिनों में 10 लाख से अधिक युवक-युवतियों ने आवेदन किए है। हालांकि, इनमें तीन से चार लाख उम्मीदवारों के ही इंटर्नशिप के लिए योग्य पाए जाने की उम्मीद है। इंटर्नशिप के इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन के लिए 12 से 25 अक्टूबर का समय दिया गया था। सबसे अच्छी बात है कि चयनित उम्मीदवारों को उनके अपने शहर में ही इंटर्नशिप करने का मौका मिल सकता है। देश के 745 जिलों में कंपनियां इंटर्नशिप कराने जा रही है। 25 विभिन्न सेक्टर में फिलहाल 1.25 लाख से अधिक उम्मीदवारों को एक साल का इंटर्नशिप कराने के लिए कंपनियों ने रिक्तियां दी हैं। चयनित उम्मीदवार आगामी दो दिसंबर से साल भर के लिए इंटर्नशिप कर सकेंगे। इन उम्मीदवारों को 12 महीने में 66 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।

10 लाख से अधिक युवाओं ने इसके लिए अब तक किए आवेदन

पहले बैच में कौन सेक्टर दे रहा है कितने उम्मीदवारों को मौका

सेक्टर	उम्मीदवार
आयल एंड गैस	29,108
आटोमोटिव	22,012
ट्रैवल व हास्पिटलिटी	15,639
बैंकिंग-फाइनेंस	12,265
मेटल-माइनिंग	8,804
मैन्यूफैक्चरिंग एंड इंडस्ट्रियल	8,329
इन्फ्रा एंड कंस्ट्रक्शन	4,247
आइटी साफ्टवेयर	3,690
एफएमसीजी	3,513
रिटेल व कंज्यूमर ड्यूरेबल	3,239